दिन–रविवार दिनांक– 08 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा की सुरक्षा और घुसपैठ रोकने में सीमा सुरक्षा बल की भूमिका की सराहना की।

02. बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा – सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथि तेरह दिसम्बर को ही होगी।

03. जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा–दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव में बिहार में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में तेज पछुआ हवा के कारण ठंड में हुई बढ़ोतरी। सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल वीरता, शौर्य और बलिदान के दम पर छह दशकों से देश की सीमा सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को मजबूत करने में कार्यरत है। जोधपुर में आज सीमा सुरक्षा बल के साठवें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि उन्नीस सौ पैंसठ से देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमाओं को सुरक्षित रखने में सीमा सुरक्षा बल ने उत्कृष्ट कार्य किया है।

———बाईट———

सीमा सुरक्षा बल ने हमारी सुरक्षा को चाक चौबंद रखा है और एक देश की बढ़ती हुई सुरक्षा जरूरी या तो आपके बगैर ये पूरी करना असंभव है। इसीलिए 25 बटालियन से शुरू हुआ ये बल आज 193 बटालियनों तक पहुंचा है और दो लाख 70 हजार जवानों की संख्या वाला एक विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है, इसका पूरे भारत को गौरव है।

गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सुरक्षा परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने सीमा पर स्थित गांवों के लिए जीवंत ग्राम योजना शुरू की है, जिससे कि सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को सम्मान, रोजगार और सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने स्पष्ट किया है कि सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा है कि तेरह दिसम्बर को प्रारंभिक परीक्षा होगी, जिसमें चार लाख अस्सी हजार अभ्यर्थी शामिल

होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए एक हजार से से अधिक केंद्रों पर लगभग तीस हजार सीसीटीवी कैमरे और जैमर पहले ही लगाए जा चुके हैं। आयोग के अध्यक्ष ने स्पष्ट करते हुए कहा कि आयोग के सर्वर में कोई तकनीकी समस्या नहीं थी। उन्होंने कहा कि जब फार्म भरने की अंतिम तिथि अठारह अक्टूबर से बढ़ाकर चार नवंबर की गई थी, तो पंद्रह दिनों की विस्तारित अवधि में लगभग एक लाख चालीस हजार से अधिक छात्रों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया था। बीपीएससी अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज आयोग के अध्यक्ष से मुलाकात कर सर्वर डाउन रहने के कारण फॉर्म भरने का समय और परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जंक्शन के पास निर्माणाधीन भूमिगत मार्ग और मल्टी लेवल हब का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भूमिगत मार्ग का निर्माण पूरा हो जाने पर लोगों को पटना जंक्शन पहुंचने में काफी आसानी होगी। निरीक्षण के दौरान पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

————————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव में बिहार में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। आज कटिहार में आयोजित पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी तरह से एकजुट है। उन्होंने कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव अपने समय पर होगा।

———बाईट———

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य की एनडीए सरकार सभी लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिन्हा ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पूर्व में महागठबंधन की सरकार में प्रदेश में जो जंगलराज था, उसे समाप्त कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के उस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे, जिसमें उन्होंने नीतीश–बीजेपी की सरकार को लाठी–डंडे वाली सरकार बताया था।

———बाईट———

————————————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि सत्तर वर्ष से ऊपर के नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की विशेष व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य मंत्री पटना पुस्तक मेला में आयुष्मान योजना और एड्स नियंत्रण के स्टॉल का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से दस दिसम्बर तक आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों का कार्ड बनाया जाएगा।

———बाईट———

————————————————————————————————

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने नीति आयोग की रिपोर्ट पर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पटना के सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विकास के मामले में बिहार छत्तीसवें स्थान पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीति आयोग की रिपोर्ट जनता से छिपाई जा रही है।

————————————————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना कल होगी। इस उपचुनाव में कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें जदयू के अभिषेक झा, राजद के गोपी किशन और जनसुराज के विनायक गौतम प्रमुख हैं।

————————————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से आयोजित, सीएचओ परीक्षा में फर्जीवाड़े की जांच तेज कर दी है। ईओयू ने जांच के दौरान पांच दर्जन से अधिक फर्जी आधारकार्ड जब्त किये हैं। ईओयू के एक अधिकारी ने बताया कि जब्त आधारकार्डों की ममद से कितने बैंक खाते खोले गये और उनकी मदद से किन–किन स्थानों पर पैसों का लेन–देन हुआ है, इसकी जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों के नाम मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि सीएचओ के चार हजार पांच सौ पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसे फर्जीवाड़े के कारण रद्द कर दिया गया है।

————————————————————————————————

केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश की तरक्की के लिए गांवों के किसान–मजदूरों को समृद्ध करना जरूरी है। श्री गडकरी अमृतसर में सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हमें आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है तो गांव, गरीब, किसान, मजदूर और ग्रामीण क्षेत्र को समृद्ध करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नई तकनीक आ रही हैं। किसान अब अन्नदाता नहीं है, वह ऊर्जा दाता हो गया है। ग्रीन ऊर्जा आधारित तकनीक को बढ़ावा देने की वकालत करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि अब सीएनजी बसें और ट्रैक्टर भी आ रहे हैं। इससे पेट्रोल का खर्च आधे से भी कम हो गया है।

———————————————————————

भारत के यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई ने वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और समान आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सफलता प्राप्त की है। भारतीय प्रबन्धन संस्थान और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के एक अध्ययन के अनुसार यूपीआई ने वंचित समूहों को औपचारिक ऋण तक पहुँचने में सक्षम बनाया है। वर्ष दो हजार सोलह में शुरू किए गए यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई ने देश में वित्तीय लेन–देन के तौर–तरीकों को बदल दिया है। यूपीआई ने लगभग तीस करोड़ लोगों और लगभग पांच करोड़ कारोबारियों को डिजिटल लेन–देन के लिए सक्षम बनाया है।

———————————————————————

उत्तराखंड में बहु–प्रतीक्षित शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। इस दौरान श्रद्धालुओं को चारों पवित्र धामों के शीतकालीन निवास स्थल जाने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यात्रा का आधिकारिक रूप से उद्‌घाटन किया। सर्दी के मौसम में यह भगवान केदारनाथ की मूर्ति का निवास स्थल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शीतकालीन चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने की सरकार प्रतिबद्धता व्यक्त की।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के रामगढ़वा के आमोदेई में रिपुराज राईस मिल के दर्जनों ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में भारी मात्रा में कैश और कीमती सामान मिले हैं। गत शुक्रवार को शुरू हुई छापेमारी दो दिनों तक चली। मेसर्स रिपुराज एग्रो प्राईवेट लिमिटेड नाम से बिहार के रक्सौल में गैर बासमती चावल मिलिंग के मालिक

रामेश्वर प्रसाद गुप्ता प्रमुख उद्योगपतियों में शामिल हैं। इनके मिल से नेपाल, बांग्लादेश और सउदी अरब को बासमती चावल का निर्यात किया जाता है।

————————————————————————

प्रदेश के सात जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए बीस से छब्बीस दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित होगी। सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार रैली में पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली जिले के अभ्यर्थी भाग लेंगे। अग्निवीर जनरल ड्यूटी के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए बीस से चौबीस दिसंबर जबकि टेक्निकल, कार्यालय सहायक और एसकेटी पुरुष अग्निवीरों के लिए भर्ती रैली पच्चीस दिसंबर को होगी। इन्हीं जिलों के आठवीं और दसवीं पास अभ्यर्थी अग्निवीर ट्रेड्समैन पद के लिए छब्बीस दिसंबर को भर्ती रैली में शामिल होंगे। वहीं, बिहार–झारखंड की शॉर्टलिस्ट की गई महिला अभ्यर्थियों के लिए यह रैली सत्ताईस दिसंबर को आयोजित की जायेगी।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में तेज पछुआ हवा के कारण ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रोहतास के डेहरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर और पूर्णिया जिले में घना कुहासा छाया रहा। विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के दौरान सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में मध्यम से घने स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना जताई है।

————————————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह की पत्नी मनोरमा देवी का आज बानवे वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह बांका से दो बार सांसद चुनी गई थीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व सांसद मनोरमा देवी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह एक कुशल राजनीतिज्ञ और धर्मपरायण महिला थीं।

————————————————————————

कैमूर के पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा ने कार्य में लापरवाही के आरोप में सोनहन थानाध्यक्ष राहुल कुमार दिनकर को निलंबित कर दिया है। राहुल कुमार की जगह पुलिस अवर निरीक्षक टिंकु कुमार को सोनहन का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।

————————————————————————

श्रम अधीक्षक जहानाबाद की ओर से गठित जिला धावा दल ने बिजली कॉलोनी में संचालित मोटरसाईकिल वर्कशॉप से दो बाल मजदूरों को मुक्त कराया है।

————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के गौतम बुद्ध सेतु पर जांच के दौरान पुलिस ने एक वाहन से सत्रह किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाकर एक सौ छत्तीस मवेशियों को बरामद किया गया है।

————————————————————————

उत्तर प्रदेश के बिक्रमगंज क्षेत्र के रहने वाले एक वकील सर्वेश कुमार राय को मुंगेर पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा और जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए समाहरणालय से प्रजातंत्र चौक तक छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा की सुरक्षा और घुसपैठ रोकने में सीमा सुरक्षा बल की भूमिका की सराहना की।

02. बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा – सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथि तेरह दिसम्बर को ही होगी।

03. जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा–दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव में बिहार में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में तेज पछुआ हवा के कारण ठंड में हुई बढ़ोतरी। सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।